बिहार विधान सभा सचिवालय

पटना-800015

परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय में विज्ञापन संख्या-01/2018 के अंतर्गत सहायक, पुस्तकालय सहायक, शोध/संदर्भ सहायक, उर्दू सहायक, उर्दू/हिन्दी अनुवादक, अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी) एवं सहायक अवधायक के पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु कम्प्यूटर आधारित प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 18.12.2018 से 24.12.2018 तक तथा विज्ञापन संख्या-02/2018 के अन्तर्गत कनीय लिपिक के पदों पर सीधी भरती हेतु कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 12.12.2018 से 15.12.2018 तक पटना के 33 केन्द्रों पर आयोजित की गई । उक्त कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की प्रश्न पुस्तिका एवं उसके सभी प्रश्नों के उत्तर दिनांक 27.12.2018 से सभा सचिवालय के वेबसाइट www.vidhansabha.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे ।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वेबसाइट www.vidhansabha.bih.nic.in पर उपलब्ध उत्तर कुंजी के लिंक पर क्लिक कर अपना Application No तथा DOB अंकित कर उत्तर कुंजी का अवलोकन करेंगे । यदि अभ्यर्थी को किसी भी प्रश्न के उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक श्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव उत्तर कुंजी में आपत्ति हेतु निर्धारित विहित स्थान पर दिनांक 29.12.2018 को 06:00 बजे अपराह्न तक दर्ज कर सकते हैं ।

सचिव

बिहार विधान सभा, पटना ।